दिनांक:11.08.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नकुड़, सहारनपुर पुलिस द्वारा नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाला 01 नशा/तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, नशीले पदार्थो के अवैध कारोबार की रोकथाम व इन कारोबार में लिप्त अपराधियों कीगिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री अविनाश गौतम के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 11.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा गस्त/ चैकिंग के दौरान 01 नशा तस्कर अभियुक्त **उस्मान पुत्र शहजाद निवासी ग्राम खेड़ा अफगान थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर** को ग्राम चढ़ाव के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 284/25 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि मैं मजदूरी का कार्य करता हूँ। अधिक रुपये कमाने के लिये मैं स्मैक सस्ते दाम में खरीदकर आस पास के क्षेत्रों में अधिक कीमत में बेच देता हूँ जिससे मुझे अच्छा मुनाफा हो जाजा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

उस्मान पुत्र शहजाद निवासी ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 25 ग्राम स्मैक

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अविनाश गौतम थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 विकास चारण थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 301 प्रवीण ढाका थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 791 राजीव कुमार थाना नकुड जनपद सहारनपुर।
5. का0 1806 योगेश कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक- 11.08.2025

**<u>वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश</u>**

**<u>थाना फतेहपुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद</u>**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 11.08.2025 को थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त **काका पुत्र निन्ना निवासी ग्राम आमवाला जयन्तीपुर थाना बिहारीगढ़ जनपद सहारनपुर** को ग्राम मुजफ्फराबाद गैस ऐजेन्सी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त काका पुत्र निन्ना उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना फतेहपुर पर अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 188/25 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-</u>**

- काका पुत्र निन्ना नि0 ग्राम आमवाला जयन्तीपुर थाना बिहारीगढ़ जनपद सहारनपुर

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

- 01 चाकू अवैध

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–</u>**

1. थानाध्यक्ष श्री सचिन पूनिया थाना फतेहपुर सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री विजय सिंह थाना फतेहपुर सहारनपुर
3. हैड का0 130 नितिन कुमार थाना फतेहपुर सहारनपुर
4. हैड का0 1188 आकाश कुमार थाना फतेहपुर सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः **11.08.2025**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नकुड़, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 स्थायी वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री अविनाश गौतम के कुशल नेतृत्व मे थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 11.08.2025 को 01 स्थायी वारण्टी अभियुक्त **सौरभ पुत्र प्रमोद निवासी मौ चौधरियान कस्बा व थाना नकुड जनपद सहारनपुर** संबंधित वाद संख्या 11567/24 मु0अ0स0 451/22 धारा 323/324/504 भादवि निर्गत माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय सहारनपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

- सौरभ पुत्र प्रमोद निवासी मौहल्ला चौधरियान कस्बा व थाना नकुड जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अविनाश गौतम थाना नकुड जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री शिवम चौधरी थाना नकुड जनपद सहारनपुर
3. है0का0 1074 कालूराम थाना नकुड जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांक:11.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री बीनू सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 11.08.2025 को थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा 01 वारन्टी **अनीस उर्फ गूगा पुत्र सगीर निवासी नई बस्ती इस्लामाबाद खाताखेडी थाना मण्डी सहारनपुर** वाद स0- 359/18 मु0अ0स0 274/04 धारा 376/302 भादवि0(मा0 न्यायालय प्रधान मजिस्ट्रैट/न्यायिक मजिस्ट्रैट प्रथम किशोर न्याय परिषद सहारनपुर नियत तिथि 12/08/2025) को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का नाम व पता –**

1. अनीस उर्फ गूगा पुत्र सगीर निवासी नई बस्ती इस्लामाबाद खाताखेडी थाना मण्डी सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री राहुल कुमार थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर
2. का0 1627 अमित कुमार थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर
3. का0 2241 अनिल कुमार थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांक:11.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बडगाँव, सहारनपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 22 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की रोकथाम व इस कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष बडगाँव श्री विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 11.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना बडगांव पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त **अजमत पुत्र शलामत निवासी ग्राम सूभरी ख्वाजा थाना नागल जनपद सहारनपुर** को नहर पटरी हाईवे पुल के पास ननौता बडगाव रोड से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 22 ग्राम अवैध स्मैक व 01 मोटरसाइकिल नम्बर UP 11 BL 1159 बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना बड़गाँव पर मु0अ0सं0 167/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त ने बातया कि मैं कम पढा लिखा हूँ व मजदूरी का कार्य करता हूँ। अधिक रुपये कमाने के लिये मैं स्मैक सस्ते दाम में खरीदकर आस पास के क्षेत्रों में अधिक कीमत में बेच देता हूँ जिससे मुझे अच्छा मुनाफा हो जाता है। आज जब मैं स्मैक बेचने जा रहा था तो पुलिस ने मुझे पक़ड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

अजमत पुत्र शलामत निवासी ग्राम सूभरी ख्वाजा थाना नागल जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण-**

- 22 ग्राम अवैध स्मैक
- 01 मोटरसाइकिल

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम-**

1. श्री विनय शर्मा थानाध्यक्ष थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री आशीष कार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
3. उ0नि0 श्री आलोक कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
4. हे0कां0 231 रोहित चौधरी थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
5. हो0गा0 2077 सतीश कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांक: 11.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

**थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा पार्षद/प्रधानो से स्वंय को पुलिस अधिकारी बताकर ठगी करने वाला 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 03 मोबाईल फोन व 05 सिम कार्ड बरामद ।**

अवगत कराना है कि दिनांक 09.08.2025 को वादी मौ0 जावेद पुत्र जब्बार हसन निवासी चौधरी विहार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत वादी के मोबाईल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर के खुद को थाने का दरोगा बताते हुये वादी से 15,000/- रुपये की मांग करने के सम्बन्ध मे थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 341/2025 धारा 319(2) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। साईबर व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात व्यक्ति के मोबाईल नं0 की जाँच से अभियुक्त साहुन पुत्र भुल्लु निवासी ग्राम दौशेरस/देवशेरस थाना गोवर्धन जनपद मथुरा का नाम प्रकाश में आया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर जनपद में अपराध नियंत्रण, अपराधियों द्वारा खुद को पुलिस अधिकारी/कस्टम अधिकारी या अन्य कोई सरकारी अधिकारी बनकर डरा धमका कर आमजनमानस से ऑनलाइन ठगी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 11.08.2025 को मुखबिर की सूचना/सर्विलांस टीम की मदद से थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर अभियुक्त **साहुन पुत्र भुल्लु निवासी ग्राम दौशेरस/देवशेरस थाना गोवर्धन जनपद मथुरा** को कोडियो की पुलिया,बेहट रोड के पासे से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 03 मोबाईल फोन व 5 सिम कार्ड बरामद किये गये है।अभियुक्त द्वारा अन्य व्यक्तियों से पुलिस अधिकारी बनकर ठगी करने के संबंध में विस्तृत जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि मैं राज्य चुनाव कमीशन की बेवसाईट से ग्राम प्रधानो व पार्षदो के मोबाईल नम्बर प्राप्त कर लेता हूँ। उसके उपरान्त मोबाईल नम्बरो से सम्बन्धित ग्राम के प्रधान/पार्षद को अपने मोबाईल फोन से फोन कर कोई समस्या बताकर कहता था, कि मै आपके थाने से दरोगा बोल रहा हूँ, मेरे खाते मे कुछ रुपये डाल दो, कुछ समय के उपरान्त मै सिपाही को भेज कर आपके पैसे वापस कर दूँगा। मेरी बातो पर विश्वास कर ग्राम प्रधान/पार्षद मेरे खाते मे पैस डाल देते थे,उसके उपरान्त मै अपना मोबाईल नम्बर बन्द कर देता था। मैंने दिनांक 07.08.2025 को जनपद सहारनपुर के कई पार्षदों को उनके मोबाईल फोन पर कॉल कर पैसो की माँग की थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

साहुन पुत्र भुल्लु निवासी ग्राम दौशेरस/देवशेरस थाना गोवर्धन जनपद मथुरा

**बरामदगी का विवरण-**

- 03 मोबाईल फोन
- 05 सिम कार्ड

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री बबलू कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर ।
2. है0का0 922 गौरब त्यागी थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर ।

3. का0 2007 आरोश शर्मा थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर ।